## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड हाइकोर्ट ने एमएलए–एमपी के खिलाफ दर्ज केस की धीमी प्रगति पर सीबीआइ के जवाब पर जतायी नाराजगी, निचली अदालत में ट्रायल तेज करने का दिया आदेश।
- इडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की और कारोबारी विपिन सिंह को कल देर रात किया गिरफ्तार।
- झारखंड में धूमधाम से मनाया जा रहा श्रीरामनवमी का त्योहार, रांची समेत सभी जिलों में आज निकाली जायेगी शोभायात्रा, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।
- मौसम विभाग ने झारखंड में अगले पांच दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि का जताया अनुमान, कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना।
- आइपीएल में कल राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को दो विकेट से किया पराजित।

********************

राज्य में एमएलए–एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर कल झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सीबीआइ ने शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी–एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस दाखिल किया। सीबीआइ ने बताया कि पिछले दो साल में एमएलए–एमपी के खिलाफ दर्ज कोई केस का निष्पादन नहीं हुआ है। कोर्ट ने सीबीआइ के जवाब पर नाराजगी जतायी और कहा कि इस मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाइकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। कोर्ट ने सीबीआइ और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल कर बताएं कि राज्य में एमपी–एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग है। निचली अदालत में एमपी–एमएलए के खिलाफ चल रही ट्रायल को तेज करें। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

********************

राजधानी रांची में सीवरेज–ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में रांची नगर निगम की ओर से कहा गया कि रांची शहर में सीवरेज–ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए एनएचएआई नो ऑब्जेक्शन नहीं दे रहा है। इस पर कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और प्रशासक रांची नगर निगम को अगली सुनवाई 24 अप्रैल को हाजिर होने का निर्देश दिया।

********************

ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में कल रात झामुमो नेता अंतु तिर्की, कारोबारी विपिन सिंह और अन्य दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इडी की टीम ने कल इनलोगों के रांची स्थित आवास पर छापेमारी की थी। देर रात छापेमारी खत्म कर टीम ने सबको अपने साथ क्षेत्रीय कार्यालय ले गयी जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

********************

बड़गाई अंचल के आठ एकड़ से अधिक जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर कल ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई की तारीख 23 अप्रैल निर्धारित की गई है।

इधर इसी जमीन घोटाला मामले में ईडी अब मो. सद्दाम और रिम्सकर्मी अफसर अली को आमने–सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। ईडी ने अफसर अली को बड़गाई अंचल जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया है। अदालत ने अफसर अली को छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की।

********************

साहेबगंज में छूटे हुए पात्र लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने की अपील की जा रही है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड में आज रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर आज मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं दोपहर में सभी जिलों में भव्य शोभायात्रा निकाली जायगी। शोभायात्रा को लेकर पुलिस मुख्यालय और प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राज्यभर में लगभग दस हजार पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

********************

रामनवमी शोभायात्रा को लेकर रांची शहर में आज दोपहर दो बजे से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। शोभायात्रा के दौरान बिजली संबंधी किसी प्रकार की शिकायत व आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए रांची विद्युत एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव के द्वारा सभी डिविजन के बिजली कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। जिन निर्धारित इलाकों से शोभायात्रा गुजरेगी या वापस होगी, उन इलाकों में रात 11 या 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

********************

रामनवमी पर रांची समेत राज्य के सभी जिलों में आज ड्राई डे रहेगा। रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिले में सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित, थोक बिक्री परिसर, सभी देसी–विदेशी शराब के विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बंद रहेंगे तथा किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति प्रतिबंधित रहेगा।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में अगले पांच दिनों तक दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना जतायी है। उत्तर–पश्चिम से आ रही शुष्क हवा और तेज धूप के कारण गर्मी में बढ़ोत्तरी देखी जायेगी। विभाग के अनुसार कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। मौसम विभाग ने गर्मी को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

********************

आइपीएल टूर्नामेंट में कल राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाईट राइर्डस को दो विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर की टीम ने कुल 223 रन बनाये। टीम के सुनील नरेन ने 109 रन की पारी खेली। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट खोकर 224 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के जोश बटलर ने 107 रन बनाये।

********************

संक्षिप्त खबरें

- जामताड़ा जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के साथ–साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा भी कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।
- रामगढ़ में रामनवमी पर्व के शांति व सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया जा रहा है।
- साहिबगंज में रामनवमी त्योहार के मद्देनजर विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कल जिले के विभिन्न अखाड़ा दल के जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया गया।

********************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा के परिणाम को प्रमुखता से पहले पेज पर प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर ने तीन सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा को प्रमुखता दी है। लिखा है– धनबाद से अनुपमा, गोड्डा से दीपिका मैदान में, रांची सीट पर फैसला टला। इसी खबर पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– कांग्रेस ने तीन और सीट पर उतारे उम्मीदवार, रांची पर फैसला नहीं। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झामुमो नेता अंतू तिर्की और कारोबारी विपिन, प्रियरंजन और इरशाद गिरफ्तार। हिन्दुस्तान ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने यूपीएससी परीक्षा के परिणाम को प्रमुखता दी है। लिखा है– कानपूर आइआइटी से पढ़े रांची के आदित्य श्रीवास्तव यूपीएससी टॉपर। अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने पटना में तेज ऑटो की क्रेन से टक्कर में सात लोगों की मौत को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं टाइम्स ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

*************